SET-2

**Series RLH/2**

कोड नं. **32/2/2**
Code No.

रोल नं.
Roll No.

परीक्षार्थी कोड को उत्तर-पुस्तिका के मुख-पृष्ठ पर अवश्य लिखें ।
Candidates must write the Code on the title page of the answer-book.

- कृपया जाँच कर लें कि इस प्रश्न-पत्र में मुद्रित पृष्ठ **8 + 2** मानचित्र हैं ।
- प्रश्न-पत्र में दाहिने हाथ की ओर दिए गए कोड नम्बर को छात्र उत्तर-पुस्तिका के मुख-पृष्ठ पर लिखें ।
- कृपया जाँच कर लें कि इस प्रश्न-पत्र में **30** प्रश्न हैं ।
- **कृपया प्रश्न का उत्तर लिखना शुरू करने से पहले, प्रश्न का क्रमांक अवश्य लिखें ।**
- इस प्रश्न-पत्र को पढ़ने के लिए 15 मिनट का समय दिया गया है । प्रश्न-पत्र का वितरण पूर्वाह्न में 10.15 बजे किया जाएगा । 10.15 बजे से 10.30 बजे तक छात्र केवल प्रश्न-पत्र को पढ़ेंगे और इस अवधि के दौरान वे उत्तर-पुस्तिका पर कोई उत्तर नहीं लिखेंगे ।
- Please check that this question paper contains **8** printed pages **+ 2** Maps.
- Code number given on the right hand side of the question paper should be written on the title page of the answer-book by the candidate.
- Please check that this question paper contains **30** questions.
- **Please write down the Serial Number of the question before attempting it.**
- 15 minute time has been allotted to read this question paper. The question paper will be distributed at 10.15 a.m. From 10.15 a.m. to 10.30 a.m., the students will read the question paper only and will not write any answer on the answer-book during this period.

## संकलित परीक्षा – II

## SUMMATIVE ASSESSMENT – II

# सामाजिक विज्ञान

# SOCIAL SCIENCE

*निर्धारित समय : 3 घण्टे* — *अधिकतम अंक : 90*

*Time allowed : 3 hours* — *Maximum Marks : 90*

**सामान्य निर्देश :**

*(i)* इस प्रश्न-पत्र में कुल **30** प्रश्न हैं । सभी प्रश्न **अनिवार्य** हैं ।

*(ii)* प्रत्येक प्रश्न के अंक उसके सामने दिए गए हैं ।

*(iii)* प्रश्न संख्या **1** से **8** तक अति लघु-उत्तरीय प्रश्न हैं । प्रत्येक प्रश्न **1** अंक का है ।

*(iv)* प्रश्न संख्या **9** से **20** तक प्रत्येक प्रश्न **3** अंक का है । इनमें से प्रत्येक प्रश्न का उत्तर **80** शब्दों से अधिक का नहीं होना चाहिए ।

*(v)* प्रश्न संख्या **21** से **28** तक प्रत्येक प्रश्न **5** अंक का है । इनमें से प्रत्येक प्रश्न का उत्तर **100** शब्दों से अधिक का नहीं होना चाहिए ।

*(vi)* प्रश्न संख्या **29** और **30** इतिहास और भूगोल के मानचित्र वाले प्रश्न प्रत्येक **3** अंक के हैं । इन्हें पूरा करने के बाद, मानचित्रों को उत्तर-पुस्तिका के अंदर नत्थी कर दीजिए ।

**General Instructions :**

*(i)* *The question paper has **30** questions in all. All questions are **compulsory**.*

*(ii)* *Marks are indicated against each question.*

*(iii)* *Questions from serial number **1** to **8** are Very Short Answer Questions. Each question carries **1** mark.*

*(iv)* *Questions from serial number **9** to **20** are **3** mark questions. Answers of these questions should not exceed **80** words each.*

*(v)* *Questions from serial number **21** to **28** are **5** mark questions. Answers of these questions should not exceed **100** words each.*

*(vi)* *Questions number **29** and **30** are map questions of **3** marks each from History and Geography both. After completion, attach the maps inside your answer-book.*

1. खाद्य तेल का टिन खरीदते समय आप उस पर कौन-सा शब्दचिह्न (लोगो) देखना चाहेंगे ? *1*
Which logo would you like to see while purchasing a tin of edible oil ?

2. 'एल्युमिनियम प्रगलन' उद्योग की स्थापना के लिए दो महत्त्वपूर्ण कारक कौन-से हैं ? $\frac{1}{2}+\frac{1}{2}=1$
Which two prime factors are important for the location of 'Aluminium Smelting' industry ?

3. राजनीतिक दल से क्या अभिप्राय है ? *1*
What is a political party ?

4. भारतीय सरकार ने विदेश व्यापार तथा विदेशी निवेश पर से काफ़ी हद तक अवरोधों को क्यों हटाया ? *1*
Why did the Indian Government remove barriers to a large extent on foreign trade and foreign investment ?

5. उदारवादी राष्ट्रवादियों द्वारा उठाया गया प्रमुख मुद्दा क्या था ?

**अथवा**

न्घे अन और हा तिन्ह प्रान्तों को वियतनाम की लपलपाती चिंगारी क्यों कहा जाता था ? *1*

What was the major issue taken up by the liberal nationalists ?

**OR**

Why were Nghe An and Ha Tinh provinces called the electrical fuses of Vietnam ?

6. ऋण के औपचारिक स्रोतों की कार्य-प्रणाली पर कौन नज़र रखता है ? *1*
Who supervises the functioning of formal sources of loans ?

7. चुनाव आयोग ने किसी राजनीतिक दल को 'राज्य दल' की मान्यता प्राप्त करने हेतु क्या शर्त निश्चित की है ? *1*
What is the requirement laid down by the Election Commission for a political party to be recognized as a 'State Party' ?

8. लोकतांत्रिक व्यवस्था अन्य वैकल्पिक शासन व्यवस्थाओं से क्यों बेहतर है ? *1*
Why is a democratic government better than other alternatives ?

9. आप बाज़ार से दवाएँ खरीदने वाले उपभोक्ता को कौन-सी सावधानियाँ बरतने का सुझाव देंगे ? *3*
What precautions do you suggest for a consumer to take while purchasing medicines from the market ?

10. उन परिस्थितियों को स्पष्ट कीजिए जिन्होंने महात्मा गाँधी को 1930 में असहयोग आन्दोलन को वापस लेने के लिए बाध्य किया । *3*

Explain the circumstances which compelled Mahatma Gandhi to call off the Non-Cooperation Movement in 1930.

11. "मुद्रा ने लेन-देन को आसान बना दिया है ।" पुष्टि कीजिए । *3*

"Money has made transactions easy." Justify.

12. सूती वस्त्र उद्योग में बुनाई और प्रक्रमण क्षेत्रकों द्वारा सामना की गईं तीन प्रमुख समस्याओं का वर्णन कीजिए । *3×1=3*

Describe three major problems faced by the weaving and processing sectors in cotton textile industry.

13. "प्रौद्योगिकी ने वैश्वीकरण की प्रक्रिया को उत्प्रेरित किया है ।" उदाहरण दे कर कथन की पुष्टि कीजिए । *3*

"Technology has stimulated the globalisation process." Support the statement with examples.

14. "कुछ लोगों का मानना है कि लोकतंत्र में सरकार कम प्रभावी होती है ।" इस कथन का विश्लेषण कीजिए । *3*

"Some people think that democracy produces a less effective government." Analyse the statement.

15. 'वर्ग-विशेष के हित-समूहों' की किन्हीं तीन विशेषताओं का वर्णन कीजिए । *3×1=3*

Describe any three features of sectional interest groups.

16. आर्थिक राष्ट्रवाद की लहर ने किस प्रकार यूरोप में पनप रही व्यापक राष्ट्रवादी भावनाओं को मज़बूत बनाया ? स्पष्ट कीजिए ।

**अथवा**

औपनिवेशिक काल में शिक्षा नीति किस प्रकार वियतनामी विद्यार्थियों के प्रतिकूल थी ? स्पष्ट कीजिए । *3*

How did a wave of economic nationalism strengthen the wider nationalist sentiment growing in Europe ? Explain.

**OR**

How was the education policy unfavourable to the Vietnamese students during the colonial period ? Explain.

**17.** उद्योगपति सविनय अवज्ञा आन्दोलन से किस प्रकार जुड़े ? उनकी भूमिका का विश्लेषण कीजिए । *3*

How did the industrialists relate to the Civil Disobedience Movement ? Analyse their role.

**18.** परिवहन और संचार के सघन एवं सक्षम जाल का होना आज के स्थानीय, राष्ट्रीय और वैश्विक व्यापार के विकास के लिए पूर्व अपेक्षित क्यों है ? अपने विचार व्यक्त कीजिए । *3*

Why is a dense and efficient network of transport and communication a prerequisite for the development of local, national and global trade of today ? Give your opinion.

**19.** बायोगैस किस प्रकार ऊर्जा समस्या को विशेषकर ग्रामीण भारत में हल कर सकती है ? अपने सुझाव दीजिए । *3×1=3*

How can biogas solve the energy problem mainly in rural India ? Give your suggestions.

**20.** "भारत में राजनीतिक दलों के सुधार हेतु वैधिक संगठनों ने गम्भीर प्रयास किए ।" कथन की पुष्टि कीजिए । *3*

"Serious efforts were made by the legal organisations to reform political parties in India." Support the statement.

**21.** "न्यायसंगत वैश्वीकरण सभी के लिए अवसर प्रदान करेगा और यह सुनिश्चित भी करेगा कि वैश्वीकरण के लाभों में सबकी बेहतर हिस्सेदारी हो ।" इस कथन की पुष्टि कीजिए । *5*

"Fair globalisation would create opportunities for all and also ensure that benefits of globalisation are shared better." Support the statement.

**22.** असहयोग आन्दोलन को प्रारम्भ करवाने वाली घटनाओं का वर्णन कीजिए । *5*

Describe the developments which led to the launching of Non-Cooperation Movement.

**23.** हुगली नदी के तटों के साथ-साथ जूट मिलों के संकेन्द्रित होने के लिए उत्तरदायी किन्हीं पाँच कारकों का वर्णन कीजिए । *5×1=5*

Describe any five factors responsible for the concentration of jute mills along the banks of the Hugli river.

**24.** "आधुनिक लोकतांत्रिक व्यवस्थाएँ राजनीतिक दलों के बिना नहीं चल सकतीं ।" कथन की परख कीजिए । *5*

"Modern democracies cannot exist without political parties." Examine the statement.

**25.** "उन्नीसवीं सदी के पूर्वार्ध में राष्ट्रवाद का आदर्शवादी उदारवादी-जनतांत्रिक स्वभाव सीमित लक्ष्यों वाला संकीर्ण सिद्धान्त बन गया ।" इस कथन की परख कीजिए ।

**अथवा**

"वियतनाम में साम्राज्य-विरोधी आन्दोलन में महिलाओं की भूमिकाएँ विविध थीं ।" कथन की परख कीजिए । *5*

"The idealistic liberal-democratic sentiment of nationalism in the first half of the nineteenth century became a narrow creed with limited ends." Examine the statement.

**OR**

"The roles of women varied in the anti-imperialist movement in Vietnam." Examine the statement.

**26.** "भारत में सड़क परिवहन और रेल परिवहन परस्पर प्रतिस्पर्धी नहीं हैं, अपितु एक-दूसरे के पूरक हैं ।" इस कथन को न्यायसंगत ठहराइए । *5*

"Road transport and Rail transport in India are not competitive but complementary to each other." Justify the statement.

**27.** बाज़ार में उपभोक्ताओं की सुरक्षा करने के लिए नियमों और विनियमों की आवश्यकता क्यों है ? स्पष्ट कीजिए । *5*

Why are rules and regulations required for the protection of the consumers in the marketplace ? Explain.

**28.** "जन संघर्ष लोकतंत्र के विकास के अभिन्न अंग हैं ।" इस कथन का विश्लेषण कीजिए । *5*

"The popular struggles are integral to the development of democracy." Analyse the statement.

**29.** तीन लक्षण A, B और C **भारत** के दिए गए राजनीतिक रेखा-मानचित्र (पृष्ठ 9 पर), में अंकित किए गए हैं । इन लक्षणों को निम्नलिखित जानकारी की सहायता से पहचानिए और उनके सही नाम, मानचित्र में खींची गई रेखाओं पर लिखिए : *3×1=3*

A. वह स्थान जहाँ भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस का अधिवेशन हुआ था ।

B. वह स्थान जहाँ सूती कपड़ा कारखानों के मज़दूरों ने सत्याग्रह आन्दोलन किया था ।

C. वह नगर जो जलियाँवाला बाग घटना से सम्बन्धित है ।

Three features A, B and C are marked on the given political outline map of **India** (on page 9). Identify these features with the help of the following information and write their correct names on the lines marked in the map :

A. The place where the Indian National Congress Session was held.

B. The place where cotton mill workers organized a Satyagraha Movement.

C. The city related to Jallianwala Bagh incident.

**नोट :** *निम्नलिखित प्रश्न केवल **दृष्टिबाधित परीक्षार्थियों** के लिए प्रश्न संख्या 29 के स्थान पर हैं :*

**Note :** *The following questions are for the **Visually Impaired Candidates** only, in lieu of Question Number 29 :*

(29.1) उस स्थान का नाम लिखिए, जहाँ दिसम्बर, 1920 में भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस का अधिवेशन हुआ था ।

(29.2) उस स्थान का नाम लिखिए, जहाँ सूती कपड़ा कारखानों के मज़दूरों ने सत्याग्रह किया था ।

(29.3) उस नगर का नाम लिखिए जो जलियाँवाला बाग घटना से सम्बन्धित है । *3×1=3*

(29.1) Name the place where the Indian National Congress Session was held in December, 1920.

(29.2) Name the place where cotton mill workers organised Satyagraha.

(29.3) Name the city related to Jallianwala Bagh incident.

**30.** (30.1) दो लक्षण A और B, **भारत** के दिए गए राजनीतिक रेखा-मानचित्र (पृष्ठ 11 पर), में अंकित किए गए हैं । इन लक्षणों को निम्नलिखित जानकारी की सहायता से पहचानिए और उनके सही नाम, मानचित्र में खींची गई रेखाओं पर लिखिए : *2×1=2*

A. कोयला की खानें

B. उत्तर-दक्षिण गलियारे के सिरे का स्टेशन

(30.2) इसी मानचित्र में निम्नलिखित को दर्शाइए और उसका नाम लिखिए : *1*

भिलाई लोहा और इस्पात संयंत्र

(30.1) Two features A and B are marked on the given political outline map of **India** (on page 11). Identify these features with the help of the following information and write their correct names on the lines marked in the map :

A. Coal mines

B. The terminal station of North-South Corridor

(30.2) On the same map locate and label the following :

Bhilai Iron and Steel Plant.

**नोट :** *निम्नलिखित प्रश्न केवल **दृष्टिबाधित परीक्षार्थियों** के लिए प्रश्न संख्या 30 के स्थान पर हैं :*

**Note :** *The following questions are for the **Visually Impaired Candidates** only, in lieu of Question Number 30 :*

(30.1) ओडिशा में स्थित किसी एक कोयला खान का नाम लिखिए ।

(30.2) उत्तर-दक्षिण गलियारे के दक्षिणी सिरे के स्टेशन का नाम लिखिए ।

(30.3) भिलाई लोहा और इस्पात संयंत्र किस राज्य में स्थित है ? *3×1=3*


(30.1) Name any one coal mine located in Odisha.

(30.2) Name the Southern terminal station of North-South Corridor.

(30.3) In which State is Bhilai Iron and Steel Plant located ?

**भारत का रेखा-मानचित्र (राजनीतिक)**

**Outline Map of India (Political)**



**भारत का रेखा-मानचित्र (राजनीतिक)**

## Outline Map of India (Political)

